# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

शिक्षा भवन दिग्घीकला हाजीपुर पिन 844102

ईमेल deovaishali.edn@gmail.com, deo-vaishali@bihar.gov.in


प्रेषक,                                                    पत्रांक ......1609.......

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

सेवा में,

श्री निखिल कुमार एवं श्रीमती सुमन कुमारी विद्यालय अध्यापक,
उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसनपुर भदवास,
प्रखंड महुआ जिला वैशाली।

दिनांक .27./.07./2026

विषय:- स्पष्टीकरण के संबंध में।

प्रसंग:- प्रधानाध्यापक उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसनपुर भदवास का पत्रांक रहित पत्र दिनांक 17.07.2026।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में अंकित करना है कि प्रधानाध्यापक उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसनपुर भदवास के द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के अनुसार आप दोनों के द्वारा विद्यालय संचालन एवं पठन पाठन में घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती जा रही है।

श्री निखिल कुमार के संबंध में अंकित किया गया है कि आप विभागीय आदेशों एवं संदेशों की अवहेलना करते हैं विद्यालय के कार्यो में सहयोग नहीं करते हैं संयुक्त खाता संचालन में बाधा उत्पन्न करते हुए व्यय राशि के चेक पर हस्ताक्षर करने से मना करते हैं प्रधानाध्यापक के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं तथा पाठ टीका का संधारण नहीं करते हैं।

श्रीमती सुमन कुमारी के संबंध में अंकित किया गया है कि आप विद्यालय अवधि में सो जाती हैं बिना पूर्व सूचना के विद्यालय छोड़कर मेला चली जाती हैं मना करने के बावजूद अनाधिकृत रूप से अवकाश पर रहती हैं तथा त्रैमासिक परीक्षा के दौरान निर्धारित समय से पूर्व ही ई शिक्षाकोष पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय से प्रस्थान कर जाती हैं।

आप दोनों का यह कृत्य पदीय दायित्वों के सर्वथा विपरीत अनुशासनहीनता एवं शिक्षा विभाग की छवि को धूमिल करने वाला है। अतः इस घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता के आरोप में आप दोनों का वेतन भुगतान अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

अतः आप दोनों को निर्देश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर इस संबंध में अपना सुस्पष्ट स्पष्टीकरण साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे कि क्यों नहीं आप दोनों के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाए। ससमय संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आप दोनों के विरुद्ध एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

विश्वासभाजन

27-7-26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

27/7/26

ज्ञापांक ......1609.......... / हाजीपुर, दिनांक .....27/..07./2026

प्रतिलिपिः प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी महुआ / प्रधानाध्यापक उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसनपुर भदवास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27-7-26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

27/7/26

Scanned with OKEN Scanner